किया जाना अपेक्षित है। तथापि, यह प्रसन्नता की बात है कि इस सम्बन्ध में सतत रूप से कार्यवाही किये जाने के परिणामस्वरूप कई राज्य सरकारों/बिजली बोर्डों द्वारा उपर्युक्त सुझावों के कार्यान्वयन हेतु उपाय किये गये हैं जिनमें ये शामिल हैं—टैरिफ में वृद्धि करना, पूंजीगत आधार में आशोधन करना और खस्ता बिजली बोर्डों को ग्राम विद्युतीकरण सम्बन्धी आर्थिक सहायता का भुगतान करना।

Leakage of Indian Airlines Question Papers

1010. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government are aware that question paper of the Indian Airlines entrance test for various posts in Gujarat had leaked from the examination centre at H.A. College of Commerce on or around the 18th August, 1991;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what steps Government are taking about these examinations and also to avoid such incidents in future?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) and (b) On behalf of the Indian Airlines, a consulting firm had conducted a written tect if 20 minutes duration in three colleges at Ahmedabad from 9.00 A.M. till 7.36 P.M. in batches on 18th August, 1991. The test was conducted smoothly without any complaint or allegation of leakage from any candidate at the examination centre during the course of the conduct of the test. Subsequently, there has been an allegation that the question paper of the test was leaked out.

(c) Indian Airlines has not taken any step because the alleged leakage has not been established. Furthermore, one of the candidates has filed a petition in the Guarat High Court on 27th August, 1991 challenging the written test on the ground of leakage of the question paper. The matter is *sub-judice*.

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्त पद

1011. **श्री रजनी रंजन साहू:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम हैं और इनमें से कितने उपक्रमों में चैयर-मैन तथा सदस्यों के पद रिक्त पड़े हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को भरने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं और ये नियुक्तियां कब तक कर दी जाएंगी ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) नागर विमानन और पयटन मंत्रालय के नियंत्रणाधीन आठ सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में से, राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अगस्त, 1991 से सदस्य का एक पद खाली है। इंडियन एयरलाइन्स के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक को वायुदूत का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। एयर इंडिया में एक कार्यकारी अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक है। पर्यटन महानिदेशक के पास भारत पयटन विकास निगम के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक के पद का प्रभार है। एयर इंडिया और भारत पयटन विकास निगम के लिए नियमित अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक और राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण के लिए सदस्य की नियुक्ति करने पर सरकार ध्यान दे रही है।